जबलपुर | शुक्रवार | 2 अक्टूबर 2026 | वर्ष 77 | अंक 250 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social



नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

गांधी, शास्त्री जयंती आज

BACHPAN
www.bachpanglobal.com
अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें!
9811437000

सेल्यूट कैप्टन स्मित

174 जिंदगी बचाने वाले भारतीय पायलट के सामने दुनिया झुकी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर. फ्लाईदुबई की तेल अवीब जाने वाली फ्लाइट के 174 यात्रियों और 9/11 तरह क्रैश होने पर हजारों जिंदगियों को मौत के मुंह में समाने से बचाने वाले भारतीय पायलट स्मित मच्छार की दुनिया कायल हो गई. घटना के अगले दिन गुरुवार को दुनियाभर के नेताओं ने भारतीय कैप्टन की बहादुरी को सलाम किया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार के साहस की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 9/11 जैसी त्रासदी टाल दी. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें नायक बताया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उनकी बहादुरी की प्रशंसा की. गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उन्हें विशिष्ट गुजरात गरिमा पुरस्कार देने की घोषणा की. यह सम्मान उस साहस के लिए है, जिसके बल पर घायल कैप्टन ने 33 हजार फीट की ऊंचाई पर संकट में फंसे फ्लाईदुबई के विमान को बचाने में अहम भूमिका निभाई. विमान में सवार 174 लोगों की जान बच गई.

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट 1073 के कॉकपिट में सह-पायलट ने कैप्टन पर चाकू से हमला किया और विमान को गिराने की कोशिश की. हमले के बाद विमान तेजी से नीचे आने लगा. इसके बावजूद कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया, जिससे यात्री और अन्य पायलट अंदर पहुंच सके. बाद में विमान को सऊदी अरब के तबुक में आपात स्थिति में उतारा गया. यूएई, सऊदी अरब और इजरायल की एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं.

हमले से आपात लैंडिंग तक खूब लड़ा भारत का सपूत



▶ **30 सितंबर, सुबह दुबई से उड़ान:** फ्लाईदुबई का बोइंग 737 मैक्स-8 विमान तेल अवीव के लिए रवाना हुआ. विमान में 174 लोग सवार थे.

▶ **करीब 33 हजार फीट पर कॉकपिट में हमला:** सह-पायलट ने कैप्टन स्मित मच्छार पर चाकू से हमला किया. इसके बाद विमान तेजी से नीचे आने लगा.

▶ **हमले के बीच कैप्टन ने खोला कॉकपिट का दरवाजा:** गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कैप्टन ने दरवाजा खोल दिया. यात्रियों और अन्य पायलटों ने अंदर पहुंचकर हमलावर को काबू किया.

▶ **दोपहर तबुक में आपात लैंडिंग:** विमान को सऊदी अरब के तबुक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया. कैप्टन और सह-पायलट को अस्पताल ले जाया गया. सह-पायलट को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई.

▶ **सम्मान :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन के साहस को 9/11 जैसी त्रासदी टालने वाला बताया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी उनकी बहादुरी की प्रशंसा की. गुजरात सरकार ने विशिष्ट गुजरात गरिमा पुरस्कार देने की घोषणा की.

जांच शुरू, लेकिन सच से दूर

घटना के बाद कैप्टन स्मित मच्छार और सह-पायलट को अस्पताल ले जाया गया. घटना के बाद उन्हें सऊदी अरब के तबुक में प्राथमिक उपचार दिया गया. 1 अक्टूबर की शाम उन्हें आगे के इलाज के लिए संयुक्त अरब अमीरात ले जाया गया. सऊदी अधिकारियों ने सह-पायलट को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. यूएई में औपचारिक जांच के आदेश दिए गए हैं. इजरायली अधिकारी भी विमान की सुरक्षा और पायलटों की जांच प्रक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं. इजरायल ने अपनी उड़ानों में शामिल पायलटों की पहचान और सुरक्षा जांच बढ़ाने की घोषणा की है, लेकिन सच अब भी सामने नहीं आया है.

जांच के केंद्र में तीन बड़े सवाल

▶ सह-पायलट ने हमला क्यों किया?
जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हमला व्यक्तिगत कारणों से किया गया या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश थी. विमान को गिराने की कोशिश की आशंका जताई गई है, लेकिन किसी आतंकी संगठन की भूमिका की पुष्टि नहीं हुई है.

▶ कॉकपिट तक चाकू कैसे पहुंचा?
कॉकपिट में चाकू से हमला होने के बाद चालक दल की सुरक्षा, हथियार तक पहुंच और पायलटों की पृष्ठभूमि जांच पर सवाल उठे हैं.

▶ तीन देशों की जांच का समन्वय कैसे होगा?
यूएई में औपचारिक जांच चल रही है, सऊदी अरब में सह-पायलट से पूछताछ हो रही है और इजरायली अधिकारी सुरक्षा पहलुओं की जांच कर रहे हैं. जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि हमला पहले से सुनियोजित था या अचानक हुआ.

▶ मुंबई से न्यूजीलैंड और फिर फ्लाई दुबई तक
कैप्टन स्मित मच्छार मूल रूप से मुंबई के रहने वाले हैं.

असम और बंगाल में सुपरी तस्कर के 16 ठिकानों पर ईडी की रेड

नई दिल्ली. प्रवर्तन निदेशालय ने म्यांमार सीमा के रास्ते विदेशी मूल की सुपारी की तस्करी से



जुड़े धन शोधन की जांच के तहत असम और पश्चिम बंगाल में 16 स्थानों पर तलाशी ली. जांचकर्ता वित्तीय लेन-देन, जाली दस्तावेजों और नेटवर्क से जुड़े मासिक भुगतानों की जांच कर रहे हैं. विदेशी सुपारी की तस्करी करने वाले गिरोह के आरोप में ईडी ने असम और बंगाल में 16 स्थानों पर तलाशी ली. अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इंडोनेशिया और थाईलैंड से आए माल की खेप म्यांमार सीमा के रास्ते मिजोरम में दाखिल हुई. आरोप है कि स्थानीय निवासियों को फर्जी कंपनियों के लिए मुखौटे के मालिक के रूप में इस्तेमाल किया गया था.

एयरपोर्ट पर लगेंगे फुल-बॉडी स्कैनर

नई दिल्ली. भारत के बेहद संवेदनशील एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच को तेज और गलती-



मुक्त बनाने के लिए, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड से फुल-बॉडी स्कैनर लगाने की मंजूरी मिल गई है. इससे यात्रियों की तलाशी में लगने वाला समय आधा हो जाएगा. ये फुल-बॉडी स्कैनर देश के चार एयरपोर्ट्स-कोलकाता, चेन्नई, पुणे और गोवा-पर लगाए जाएंगे. सरकार ने स्कैनर खरीदने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का टेंडर निकाला था.

ओंकारेश्वर में नाव के इंजन में लगी आग, श्रद्धालु सुरक्षित

ओंकारेश्वर. तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में गुरुवार को नर्मदा नदी में श्रद्धालुओं को विहार करा रही नाव के इंजन में अचानक आग लग गई. इंजन से लपटें उठते ही नाविक ने तत्परता दिखाते हुए नाव में सवार छह यात्रियों को दूसरी नाव में सुरक्षित स्थानांतरित करा दिया. हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. घटना गोमुख घाट के सामने की बताई जा रही है. नाव के इंजन में आग लगते ही कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. नाविक ने तत्काल दूसरी नाव को पास बुलाया और सभी यात्रियों को उसमें पहुंचाया.



चुनाव आयोग को एसआईआर पर बॉम्बे हाईकोर्ट की फटकार

वोटर का नाम मनमर्जी से कैसे काटा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 1 अक्टूबर. बॉम्बे हाईकोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया को लेकर बुधवार को चुनाव आयोग पर कड़ी नाराजगी जताई.

न्यायमूर्ति वाल्मीकि मेनेजेस और न्यायमूर्ति अमित जमसंदेकर की खंडपीठ ने कहा कि आयोग ने किस प्रावधान के तहत बगैर सुनवाई मतदाताओं के नाम काट दिए. तकनीकी व्यवस्था के कारण नियमों को दरकिनार कर मनमर्जी नहीं चला सकते. अदालत ने कहा कि वह एसआईआर प्रक्रिया और उसके प्रभाव को लेकर बहुत चिंतित है. अदालत सांता क्रूज के एक परिवार के छह सदस्यों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी. याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि विधानसभा क्षेत्र के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में पता बदलने के लिए उन्होंने फॉर्म 8 जमा किया था, लेकिन एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से उनके नाम हटा दिए गए.

चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता गौरीश अग्नि ने अदालत को बताया कि एसआईआर के दौरान सिस्टम में फॉर्म 8 की प्रक्रिया उपलब्ध नहीं थी. इसी वजह से संबंधित मतदाताओं के नाम हट गए. उन्होंने कहा कि आयोग की किसी व्यक्ति को जानबूझकर मतदाता सूची से हटाने की मंशा नहीं थी. इस पर पीठ ने तकनीकी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए. अदालत ने कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के पास ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे वह अपने आदेश के अनुसार सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कर सके.

जिम्बाब्वे में हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 लोगों की मौत

हरारे. जिम्बाब्वे के ग्रामीण इलाके में एक हेलीकॉप्टर क्रैश



हो गया, जिसमें सवार सभी 6 लोगों की मौत की मौत हो गई है. मृतकों में जिम्बाब्वे के जाने-माने उद्योगपति विकनेल चिवायो और उनकी पत्नी भी शामिल हैं. पुलिस के अनुसार, यह हादसा राजधानी हरारे से दक्षिण-पूर्व में स्थित मारोनडेरा जिले में हुआ. सरकारी प्रवक्ता निक मंगवाना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि हेलीकॉप्टर में चार यात्री जिनमें एक हाई-प्रोटिफाइल व्यवसायी शामिल था और दो क्रू मेंबर सवार थे. पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी ने बताया कि दुर्घटना के बाद हेलीकॉप्टर में आग लग गई थी, जिससे शव बुरी तरह झुलस गए हैं. प्रवक्ता के अनुसार, इस हादसे में जान गंवाने वाले 43 वर्षीय विकनेल चिवायो एक चर्चित कारोबारी थे.

